प्रेस विज्ञप्ति

रोजगार की समस्याओं को हल करने के लिए आकर्षित कर रहे वैश्विक प्रतिभा

18 जनवरी, 2023 [मीडिया पूछताछ]

अल्बर्टा की सरकार अर्थव्यवस्था को विकसित करने और प्रमुख क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी को दूर करने में मदद करने के लिए नए लोगों को आकर्षित करने पर काम कर रही है।

अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था मजबूती से उबरी है और भावी आर्थिक विकास में बाधक सबसे बड़ा मुद्दा श्रमिकों की कमी है। अल्बर्टा की सरकार अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम (AAIP) में बदलाव कर रही है, जिससे अल्बर्टा के निवासियों से नजदीकी रिश्तेदारी वाले अंतरराष्ट्रीय, अत्यधिक मांग वाले कामगारों के लिए उन रिक्तियों को भरने के अवसर बढ़ेंगे।

AAIP एक आर्थिक आप्रवासन कार्यक्रम है जो अल्बर्टा को स्थायी निवास के लिए पात्र कामगारों को नामांकित करने में सक्षम बनाता है। यदि नवागंतुकों के पास प्रांत में नौकरी स्वीकार करते समय पहले से ही कोई स्थापित समर्थन प्रणाली (सपोर्ट सिस्टम) मौजूद है, तो उनके लिए एक नई संस्कृति और समुदाय को आसानी से स्वीकार करने की संभावना अधिक होती है। अल्बर्टा की जीवनशैली में एकीकरण को आसान बनाने के अलावा, यह इन श्रमिकों को लंबे समय तक रोके रखने में भी मदद करता है।

उद्योग के विशेषज्ञों का अनुमान है कि उद्योग की वृद्धि और सेवानिवृत्त हो रहे कामगारों के कारण अल्बर्टा 2025 में कुशल कामगारों की कमी का सामना करेगा। वर्तमान में, समूचे अल्बर्टा प्रांत में सभी सेक्टरों में 100,000 नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं। मांग वाले क्षेत्रों में हेल्थकेयर, निर्माण, शिक्षा, तकनीकी और इंजीनियरिंग शामिल हैं।

त्वरित तथ्य:

- अल्बर्टा को दिसंबर 2022 में 41,000 से अधिक नई पूर्णकालिक नौकरियां हासिल हुईं और 2022 में कुल लगभग 94,000 पूर्णकालिक नौकरियां हासिल हुईं। 2021 की शुरुआत से अल्बर्टा में 221,000 पूर्णकालिक नौकरियां जुड़ गई हैं।
- 2025 तक अल्बर्टा में कई व्यवसायों, कौशल स्तरों और सेक्टरों में नौकरियों में 33,100 कामगारों की संचयी कमी होने का अनुमान है।

वर्गीकरण: सार्वजनिक

- AAIP एक ऐसा आर्थिक आप्रवासन कार्यक्रम है जो अल्बर्टा को स्थायी निवास के लिए व्यक्तियों को नामित करने की अनुमति देता है।
    - नामित व्यक्तियों के पास अल्बर्टा में नौकरी की कमी को पूरा करने और अपने परिवारों की देखभाल करने में सक्षम होने का कौशल होना चाहिए।
- इमिग्रेशन, रेफ्यूजीस एंड सिटीज़नशिप कनाडा (IRCC) ने AAIP वार्षिक नामांकन सीमा निर्धारित की है:
    - वर्ष 2022 में, AAIP ने सभी 6,500 नामांकन (नॉमिनेशन) प्रमाणपत्र जारी किए जो IRCC द्वारा अप्रवासन की सात धाराओं में कुशल और अर्ध-कुशल अप्रवासियों को आवंटित किए गए थे।
- अल्बर्टा एक्सप्रेस एंट्री स्ट्रीम के तहत 3,120 प्रमाणपत्र आवंटित किए गए थे।

संबंधित जानकारी

- अल्बर्टा की व्यावसायिक संभावना (2021-2030)
- अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम - अपडेट
- अल्बर्टा एक्सप्रेस एंट्री स्ट्रीम

मीडिया पूछताछ

गैरेट कोलर (Garrett Koehler)

780-554-5777
प्रेस सचिव, ट्रेड, इमीग्रेशन और मल्टीकल्चरिज्म